दैनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

अब्दुल कलाम प्राविधिक विष्वविद्यालय लखनऊ का क्षेत्रीय स्तर कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव का एस०एम०एस० लखनऊ द्वारा आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ। डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा एक क्षेत्रीय स्तर का कला और सांस्कृतिक उत्सव 2018-19, 22 और 23 फरवरी, 2019 को स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेज लखनऊ में आयोजित किया गया। ए०के०टी०यू० से सम्बद्ध 24 इंजीनियरिंग और मैनेजमेन्ट संस्थाओं के करीब 450 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने अपनी प्रतिभा 16 विभिन्न क्षेत्रीय स्तर के कार्यक्रमों में बिखेरी।डॉ० शकुन्तला मिश्रा पुर्नवास विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो० (डॉ०) सी०के०दीक्षित डीन, इसके उद्घाटन अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि रहे।इस क्षेत्रीय स्तर की आर्ट्स कलचरल प्रतियोगिता में आई०ई०टी०, लखनऊ, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बांदा, पी०एस०आई०टी० कानपुर, अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी लखनऊ, फिरोज गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी, बी०बी०डी० लखनऊ, बी०बी०डी० एनआईटीएस लखनऊ, एस०आर०एम० इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट लखनऊ, एस०आर० इंस्टीट्यूट ऑफ मैनजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी लखनऊ, आर०आर० इंस्टीट्यूट ऑफ मॉडर्न टेक्नोलॉजी लखनऊ, बी०एस०एस०आई०टी०एम० लखनऊ और अन्य कई संस्थान इस उत्सव के हिस्से रहे।फैशन जलवा, पोस्टर बनाना, संगीत प्रतियोगिता, टीशर्ट पेन्टिंग, चेहरा पेन्टिंग इस उत्सव के मुख्य आकर्षण थे रहा। जिसमें आई०ई०टी लखनऊ मेंहदी प्रतियोगिता में अव्वल रहा। पी०एस०आई०टी० एकल गायन में प्रथम रहा। इसके अलावा कोलाज, टीशर्ट पेन्टिंग, संगीत प्रतियोगिता, युगल-गायन, समूह-गायन, समूह-नृत्य में प्रथम स्थान, पी०एस०आई०टी० ने ही पाया। बी०एस०एस०आई०टी०एम० लखनऊ ने फैशन जलवा में प्रथम स्थान पाया।बाबू बनारसी दास इन्स्टीट्यूट आई०टी०एम ने कोलाजमेकिंग में प्रथम स्थान पाया। एस०एम०एस० लखनऊ के खाते में फेस-पेन्टिग का प्रथम स्थान आया।श्री शरद सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव, प्रो० (डॉ०) मनोज मेहरोत्रा, निदेशक, प्रो० (डॉ०) बी०आर०सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), प्रो० (डॉ०) धर्मेन्द्र सिंह, संकाध्यक्ष ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ० पी०के०सिंह थे।